This question paper contains 8 printed pages]

*Your Roll No.* ....................................

**3465**

**LL.B**

**B**

**IV Term**

Paper—LB—4038

INTELLECTUAL PROPERTY LAW—I

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt any *five* questions.

*All* questions carry equal marks.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिये।

**सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।**

1. Who can obtain registration of a Geographical Indication under Geographical Indications of Goods Act, 1999 ? State the law of registration of GIs.

Explain the Rights of a producer of goods in accordance with specified attributes in the designated area, to use the geographical indication. Comment on mandatory requirement of registration as actual user.

माल का भौगोलिक उपदर्शन अधिनियम, 1999 के अन्तर्गत भौगोलिक उपदर्शन का रजिस्ट्रीकरण कौन प्राप्त कर सकता है ? भौगोलिक उपदर्शनों के रजिस्ट्रीकरण की विधि का उल्लख कीजिए।

भौगोलिक उपदर्शन का प्रयोग करने के लिए अभिहित क्षेत्र में विनिर्दिष्ट विशेषताओं के अनुसार माल के निर्माता के अधिकारों को स्पष्ट कीजिए। वास्तविक प्रयोक्ता के रूप में रजिस्ट्रीकरण की आज्ञापक अपेक्षा पर टिप्पणी लिखिए।

2. Explain piracy provisions in respect of registered designs under the Designs Act, 2000.

Can a defendant in an infringement suit plead that the registration of the design is liable to be cancelled and therefore no action can be taken against him ? Comment.

डिजाइन अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत रजिस्ट्रीकृत डिजाइनों के बारे में जलदस्युता सम्बन्धी उपबन्धों को स्पष्ट कीजिए।

अतिलंघन के वाद में कोई प्रतिवादी अभिवाक् कर सकता है कि डिजाइन का रजिस्ट्रीकरण रद्द हो सकता है, अत: उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। टिप्पणी लिखिए।

Explain seven types of IPRs in brief. State the territorial area and time duration for which trademarks, geographical indications, and designs are protected.

State the difference between abuse of IPRs by owners and enforcement of IPRs against infringers.

संक्षेप में सात प्रकार के बौद्धिक सम्पदा अधिकारों की व्याख्या कीजिए। उस राज्यक्षेत्रीय इलाके तथा समयावधि का उल्लेख कीजिए जिसके लिए व्यापार चिह्नों, भौगोलिक उपदर्शनों तथा डिजाइनों को संरक्षित किया गया है।

स्वामियों द्वारा बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के दुरुपयोग तथा अतिलंघनकर्ताओं के विरुद्ध बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के प्रवर्तन के बीच अन्तर का उल्लेख कीजिए।

4. (*a*) In Trademark Act, 1999—'words or indications depicting geographical origin, characteristics or quality of goods are not to be registered, but registration of Geographical words is not prohibited': Whether a geographical word would be registered or is it hit 'being devoid of distinctive character'. Comment. State whether all of the above can be registered ?

(*b*) Explain the tests for finding out whether a trademark possesses inherent or acquired distinctive character.

(*a*) व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 में 'शब्दों या भौगोलिक मूल को चित्रित करने वाले उपदर्शनों, माल की विशेषताओं या गुणवत्ता का रजिस्ट्रीकरण नहीं कराया जाता है किन्तु भौगोलिक शब्दों का रजिस्ट्रीकरण निषिद्ध नहीं है।' क्या किसी भौगोलिक शब्द को रजिस्ट्रीकृत किया जाएगा अथवा वह सुभिन्न स्वरूप का न होने से रजिस्ट्रीकृत नहीं होगा। टिप्पणी लिखिए। लिखिए कि क्या उपर्युक्त सभी रजिस्ट्रीकृत हो सकते हैं ?

(b) इस बात का पता लगाने के लिए परीक्षणों को स्पष्ट कीजिए कि क्या किसी व्यापार चिह्न के पास अन्तर्निहित अथवा अर्जित सुभिन्न स्वरूप है।

5. (a) Explain the relative grounds of refusal of registration of later trademark as enshrined in S 11. Briefly state the tests for determining similarity of later trademark with earlier trademark with the help of cases.

(b) State whether the Registrar under section 9(2) can refuse registration of NOKIA trademark already in use on mobile phones in 10 countries, when it is later used by applicant on 'shampoos', even though NOKIA is unable to establish before the Registrar that it is a well known trademark u/s 11.

(a) पश्चातवर्ती व्यापार चिह्न के रजिस्ट्रीकरण की मनाही के आपेक्षिक आधारों की व्याख्या कीजिए जैसाकि धारा 11 में उल्लिखित है। केसों की सहायता से पूर्ववर्ती व्यापार

चिह्न के साथ पश्चातवर्ती व्यापार चिह्न की समरूपता अवधारित करने के लिए परीक्षणों का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए।

(*b*) उल्लेख कीजिए कि क्या धारा 9(2) के अन्तर्गत रजिस्ट्रार NOKIA व्यापार चिह्न के रजिस्ट्रीकरण से मना कर सकता है जोकि 10 देशों में मोबाइल फोन पर पहले से ही प्रयोग में है जबकि इसे बाद में आवेदक द्वारा "शैम्पूस" पर प्रयोग किया जाता है—चाहे NOKIA रजिस्ट्रार के समक्ष यह स्थापित करने में असमर्थ है कि वह धारा 11 के अन्तर्गत सुविख्यात व्यापार चिह्न है।

6. Explain what constitutes infringement action in case of a registered trademark. State what more is necessary to be proved in case the trademark is not registered so that passing off action may be succesful. Explain with the help of *Parley Products Vs. J. P. & Co.* and *Cadila Health Vs. Cadila Pharma* cases.

स्पष्ट कीजिए कि रजिस्ट्रीकृत व्यापार चिह्न के मामले में क्या-क्या बातें अतिलंघन अनुयोग का सृजन करती हैं ? लिखिए व्यापार चिह्न के रजिस्ट्रीकृत न होने के मामले में इससे अधिक क्या साबित किया जाना जरूरी है ताकि Passing off कार्रवाई सफल हो सके। *Parley Products Vs. J. P. & Co.* and *Cadila Health Vs. Cadila Pharma* मामले की सहायता से स्पष्ट कीजिए।

7. Write notes on any *two* :

(*a*) Dilution of trademarks as distinct head of action in contrast to confusing/deceptive similarity.

(*b*) Requirement of 'novelty or originality' for registration of design.

(*c*) Disparagement of trademarks.

किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए

(*a*) भ्रामक/समरूपता जिससे धोखा हो जाए की तुलना में सुभिन्न अनुयोग शीर्ष के रूप में व्यापार चिह्नों का तनुकरण।

(*b*) डिजाइन के रजिस्ट्रीकरण हेतु 'नवीनता या मौलिकता' की अपेक्षा।

(*c*) व्यापार चिह्नों का अपकथन।

8. Write notes on any *two* :

(*a*) Conflict of Geographical Indications with trademarks.

(*b*) Comment on *Balakrishna Hatcheries Vs. Nandos International* 2007 (35) PTC 295.

(*c*) Concurrent or prior vested rights of a trademark.

किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए :

(*a*) व्यापार चिह्नों के साथ भौगोलिक उपदर्शनों का टकराव।

(*b*) *Balakrishna Hatcheries Vs. Nandos International* 2007 (35) PTC 295 पर टिप्पणी लिखिए।

(*c*) व्यापार चिह्न के समवर्ती या पूर्ववर्ती निहित अधिकार।